Class - IV
Subject - HINDI
पाठ – 4 बिल्ली बन गई संन्यासी

1. शब्दार्थ :–

प्रतीक्षा – इंतज़ार

आपत्ति – एतराज़

संदेश – सूचना

उपासना – ईश्वर का ध्यान लगाना

समाधान – हल

दृष्टि – नज़र

निश्चिंत – चिंता रहित

कृत्य – कर्म, कार्य

परामर्श – सलाह

अवसर – मौका

मौखिक

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।

क. तीतर के न लौटने पर उसके पड़ोसी क्या सोचने लगे?

उत्तर तीतर के न लौटने पर उसके पड़ोसी सोचने लगे कि बेचारा तीतर किसी जाल में फँस गया है या शिकारी के हाथों मारा गया है।

ख. तीतर के घोंसले में कौन आकर रहने लगा?

उत्तर तीतर के घोंसले में मुरगी का आवारा बच्चा आकर रहने लगा।

ग. तीतर व मुरगी के बच्चे का कौए की बात पर विश्वास करना उचित था या अनुचित? कारण भी बताइए।

उत्तर तीतर व मुरगी के बच्चे का कौए की बात पर विश्वास करना अनुचित था क्योंकि सुनी–सुनाई बातें हमेशा सच नहीं होतीं। कौए पर विश्वास करने के कारण उन दोनों को बिल्ली का निवाला बनना पड़ा।

लिखित

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. तीतर कहाँ चला गया था?

उत्तर तीतर अपने मित्र से मिलने चला गया था।

ख. तीतर और मुरगी के बच्चे में झगड़ा क्यों होने लगा?

उत्तर तीतर और मुरगी के बच्चे में घोंसले में रहने को लेकर झगड़ा होने लगा।

ग. उन्हें संन्यासी बनी बिल्ली के पास किसने और क्यों भेजा?

उत्तर उन्हें संन्यासी बनी बिल्ली के पास कौए ने भेजा, क्योंकि उसे लगा कि बिल्ली संन्यासी बन गई है तो वह घोंसले को लेकर उचित फैसला करेगी।

घ. अंत में बिल्ली ने तीतर और मुरगी के बच्चे के साथ क्या किया?

उत्तर अंत में बिल्ली ने चालाकी से तीतर और मुरगी के बच्चे को अपने भोजन का निवाला बना लिया।

4. मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न बिल्ली के स्वभाव को जानते हुए भी तीतर व मुरगी का बच्चा उसके पास क्यों चले गए?

उत्तर बिल्ली के स्वभाव को जानते हुए भी तीतर व मुरगी का बच्चा उसके पास चले गए क्योंकि उन्हें लगा बिल्ली संन्यासी बन गई है तो वह घोंसले को लेकर उचित फैसला करेगी और उनके झगड़े का समाधान हो जाएगा।

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. तीतर कहाँ रहता था?

घोंसले में | पेड़ पर | गुफ़ा में

उत्तर घोंसले में

ख. मुरगी के बच्चे और तीतर को बिल्ली के पास जाने की सलाह किसने दी?

कौए ने | कोयल ने | मोर ने

उत्तर कौए ने

ग. कौआ तीतर का क्या था?

मित्र | शत्रु | पड़ोसी

उत्तर पड़ोसी

6. 'हाँ और 'नहीं' में उत्तर दीजिए।

क.	पेड़ के नीचे तीतर का घोंसला था।	हाँ
ख.	पेड़ पर कोई पक्षी नहीं रहता था।	नहीं
ग.	तीतर अपने गाँव अपने दादा–दादी से मिलने चला गया था।	नहीं
घ.	बिल्ली का बच्चा तीतर के घोंसले में आकर रहने लगा।	नहीं
ङ	मुरगी के बच्चे ने बड़ी शांति से तीतर से बात की।	हाँ

7. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए।

क.	तीतर का खाली <u>घोंसला</u> उसके मित्रों को उसकी याद दिलाता था।	घर / घोंसला
ख.	मुरगी का बच्चा और तीतर दोनों ने कौए के <u>परामर्श</u> को पसंद किया।	परामर्श / आदेश
ग.	बिल्ली <u>संन्यासी</u> बन गई।	संन्यासी / साध्वी
घ.	बिल्ली ने इस अवसर का <u>लाभ</u> उठाया और एक ही हमले में तीतर और मुरगी के बच्चे को झपट लिया।	मौका / लाभ